www.summerexpress.in

समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 5:36 बजे
सूर्यास्त शाम 7:29 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-319 • पृष्ठ-8 • मूल्य-5 रूपये • वीरवार 23, जुलाई 2026 • चंडीगढ़ • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर • एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु

न्यूज ब्रीफ

वैष्णोदेवी, अमरनाथ व केदारनाथ यात्रा रुकी

जम्मू/श्रीनगर/देहरादून | जम्मू-कश्मीर के पुंछ, राजौरी और डोडा जिलों में 19 जुलाई से बारिश जारी है। इसके चलते नदियां उफान पर हैं। अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी और माचिल देवी यात्रा 4 दिन से रुकी हुई है। कई जगह बाढ़ का पानी घरों-दुकानों में घुस गया है। तीन दिनों में 23 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, उत्तराखंड की केदार घाटी में भारी बारिश के बाद गौरीकुंड से करीब एक किलोमीटर आगे छौड़ी के पास लैंडस्लाइड होने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद हो गया। यात्रा रोक दी गई है।

ईपीएफ के नए नियम लागू, निकासी आसान

नई दिल्ली| केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से जुड़े नए नियम लागू किए हैं। नई व्यवस्था में पीएफ निकासी, नामांकन और नौकरी बदलने पर खाते के प्रबंधन की प्रक्रिया को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। ईपीएफओ की डिजिटल सेवाओं के जरिए सदस्य पीएफ खाते से जुड़ी कई सुविधाओं का ऑनलाइन इस्तेमाल कर सकेंगे। नौकरी बदलने वाले कर्मचारियों के लिए भी पीएफ खाते के हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल की जा रही है। निकासी की शर्तें लागू रहेंगी।

अपार आईडी की अनिवार्यता खत्म

नई दिल्ली| केंद्र सरकार ने छात्रों के लिए अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) को लेकर अनिवार्यता में बदलाव किया है। इसे अनिवार्य रूप से बनवाने की शर्त खत्म कर दी गई है। छात्रों की शैक्षणिक जानकारी को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने और प्रमाणपत्रों को एक जगह उपलब्ध कराने के लिए अपार आईडी का विकल्प जारी रहेगा। सरकार का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड को डिजिटल बनाने और उन्हें भविष्य में आसानी से उपलब्ध कराने का है।

जानलेवा लापरवाही: बेकाबू बस ने पहले मोटरसाइकिल और स्कूटी को मारी टक्कर, हादसे के बाद चालक मौके से फरार; पुलिस ने जांच शुरू की

पठानकोट में तेज रफ्तार बस ने 4 लोगों को कुचला, दो की मौत; गुस्साई भीड़ ने बस में लगाई आग

धर्मिंदर सिंह | पठानकोट
समर न्यूज

पठानकोट में तेज रफ्तार और कथित तौर पर बेकाबू बस ने मोटरसाइकिल और स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग इसकी चपेट में आ गए, जिनमें दो की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने आक्रोश में बस को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। बस ने पहले सड़क पर जा रही मोटरसाइकिल और स्कूटी को टक्कर मारी और इसके बाद कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत होने की सूचना है। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। दुर्घटना के बाद लोगों ने बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विरोध शुरू कर दिया।

▪ **बस को आग के हवाले किया...**
हादसे से गुस्साए लोगों ने बस में तोड़फोड़ की और बाद में उसमें आग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है और घटना से जुड़े प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे की वजह माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारण जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस पर लगाया छात्राओं के कपड़े फाड़ने का आरोप, पूछा- यह अधिकार किसने दिया

लाठीचार्ज पर संसद में हंगामा, सरकार को घेरा

एजेंसी | नई दिल्ली

नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक तथा छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई (लाठीचार्ज) को लेकर बुधवार को संसद में जोरदार हंगामा हुआ। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया।

उन्होंने कहा कि प्रदर्शनकारियों के सिर फोड़े गए और छात्राओं के कपड़े तक फाड़े गए। अखिलेश ने सवाल उठाया कि पुलिस को देश की बेटियों के साथ इस तरह का व्यवहार करने का अधिकार किसने दिया। पुलिस कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव समेत कई विपक्षी सांसद संसद परिसर में काले कपड़े पहनकर पहुंचे। विपक्ष ने इसे छात्रों के साथ कथित ज्यादती का विरोध बताया। अखिलेश यादव ने कहा कि काला रंग विरोध और दुख का प्रतीक है। विपक्षी सांसदों ने सरकार से कथित पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में अनियमितताओं पर चर्चा कराने की मांग की।

संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हुई। विपक्ष का कहना है कि छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे पर सरकार को जवाब देना चाहिए। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन सदन को चलने दिया जाना चाहिए। उन्होंने विपक्ष से चर्चा में हिस्सा लेने की अपील की। भाजपा ने विपक्ष पर छात्रों के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

राहुल गांधी बोले- 10 साल में 152 पेपर लीक, 3 मांगें रखीं

▪ **काली पट्टी बांधकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे; पुलिस कार्रवाई के वीडियो दिखाए**

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने परीक्षा पेपर लीक के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में 152 परीक्षा पेपर लीक हुए और इन मामलों में किसी को सजा नहीं मिली। राहुल ने कहा कि इन घटनाओं से करीब 7.5 करोड़ छात्र प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान काली पट्टी बांध रखी थी। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं और छात्रों के विरोध प्रदर्शनों से जुड़े वीडियो भी दिखाए। उनका आरोप था कि पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही।

राहुल की तीन प्रमुख मांगें

- *शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्कार इस्तीफा लिया जाए। पेपर लीक के मामलों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।*
- *पेपर लीक से प्रभावित छात्रों पर लाठीचार्ज करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।*
- *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे प्रकरण पर विद्यार्थियों से माफी मांगें।*

हाईकोर्ट ने फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश दिए

दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने घटना के रिकॉर्ड और फुटेज सुरक्षित रखने की मांग पर सुनवाई की। अदालत ने बाद में तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी और याचिकाकर्ता को कानून के तहत उपलब्ध विकल्प अपनाने की बात कही। वांगचुक को 18 जुलाई को जंतर-मंतर से हटाकर अस्पताल ले जाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इन्कार

पुलिस कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल सुनवाई से इन्कार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकील ने प्रदर्शन के दौरान कथित पुलिस ज्यादती से जुड़े वीडियो का उल्लेख किया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत इस स्तर पर वीडियो देखने के लिए इच्छुक नहीं है और मामले को तत्काल सुनना संभव नहीं होगा। अदालत ने याचिका पर तुरंत हस्तक्षेप करने के बजाय नियमित प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ने का संकेत दिया।

दिल्ली में तनाव, 10 एफआईआर; 16 मेट्रो स्टेशन बंद

राजधानी में तनाव का माहौल बना हुआ है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन से जुड़े मामलों में 10 एफआईआर दर्ज की हैं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने सुरक्षा कारणों से मध्य दिल्ली के 16 मेट्रो स्टेशनों को अगले आदेश तक बंद कर दिया। वहीं, पश्चिम बंगाल से सीआरपीएफ के जवानों को दिल्ली लाए जाने की बात भी सामने आई है। पंजाब से निहंगों के पहुंचने की खबरों के बीच सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। वहीं किसान संगठनों के संयुक्त किसान मोर्चा ने भी प्रदर्शन को समर्थन दिया है।

बच्चों पर कानूनी कार्रवाई न हो तो अनशन खत्म: वांगचुक

शिक्षा व्यवस्था और पेपर लीक के विरोध में अनशन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सरकार से भरोसा मिलने पर अनशन खत्म करने की इच्छा जताई है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों को पत्र लिखकर मांग की कि प्रदर्शन में शामिल लोगों और बच्चों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न की जाए। वांगचुक का कहना है कि सरकार इस संबंध में स्पष्ट आश्वासन दे तो वह अपना अनशन समाप्त कर देंगे।

होशियारपुर में आप के सरपंच की हत्या कार से दो बार कुचला

समर न्यूज़ | होशियारपुर

होशियारपुर जिले के आनंदगढ़ गांव में आम आदमी पार्टी (आप) के मौजूदा सरपंच सतपाल सिंह मिंटा की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार, हमलावरों ने पहले सरपंच को कार से कुचला और इसके बाद उन पर तेजधार हथियारों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल सतपाल सिंह को अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने में भी बाधा डाली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक के बेटे राहुल के मुताबिक, कुछ समय पहले पड़ोसी गांव के युवकों के बीच विवाद हुआ था। सतपाल सिंह ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने में भूमिका निभाई थी। परिवार का आरोप है कि इसी बात को लेकर कुछ लोग उनसे नाराज थे और उन्होंने मौका पाकर हमला कर दिया।

हालांकि, हत्या की वास्तविक वजह और हमले में शामिल लोगों की भूमिका पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी। परिजनों के अनुसार, आरोपियों ने सतपाल सिंह के ऊपर अपनी गाड़ी दो-तीन बार आगे-पीछे की। इसके बाद उन पर तेजधार हथियारों से कई वार किए गए।

सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं तक एआई शिक्षा अनिवार्य

समर न्यूज़। चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में एआई को शामिल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने घोषणा की है कि राज्य के सरकारी स्कूलों में जल्द एआई का पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा।

सरकार का दावा है कि इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए रोजगार तैयार करना है। जून में बैंस ने छठी कक्षा से एआई शिक्षा शुरू करने की बात कही थी, जबकि जुलाई में उन्होंने सभी सरकारी स्कूलों में अगले महीने से एआई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा की।

शिक्षकों का प्रशिक्षण भी अहम

एआई शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षण सबसे महत्वपूर्ण चुनौती होगी। पंजाब में मिशन रफ्तार के तहत 425 सरकारी स्कूलों को एआई, रोबोटिक्स और भविष्य के कौशल से जोड़ने के लिए चुना गया है। इसके शुरुआती चरण में शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देने की योजना है। इससे संकेत मिलता है कि एआई शिक्षा को चरणबद्ध तरीके से लागू करने के लिए पहले शिक्षकों को तैयार किया जा रहा है।

नई किताबों और अध्ययन सामग्री की तैयारी

एआई पाठ्यक्रम लागू होने के साथ विद्यार्थियों के लिए नई अध्ययन सामग्री और किताबें उपलब्ध कराने की जरूरत होगी। सरकार की ओर से पाठ्यक्रम तैयार करने और उसे विद्यार्थियों के स्तर के अनुरूप बनाने पर काम किया जा रहा है। हालांकि, नई किताबों की उपलब्धता और वितरण की समयसीमा की जानकारी स्पष्ट नहीं है। शिक्षा बोर्ड पहले ही किताबों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में कदम उठा चुका है।

तकनीकी शिक्षा के साथ जिम्मेदार इस्तेमाल पर जोर

सरकार का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल एआई उपकरण चलाना सिखाना नहीं, बल्कि उन्हें तकनीक के सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए तैयार करना भी है। एआई शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल संसाधनों की समान उपलब्धता और ग्रामीण-शहरी स्कूलों के बीच तकनीकी अंतर कम करने जरूरी है। सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि पाठ्यक्रम के साथ स्कूलों में जरूरी संसाधन और प्रशिक्षित शिक्षक कितनी तेजी से उपलब्ध कराए जाते हैं।

आबकारी विभाग का सीनियर सहायक पांच हजार रिश्वत लेते काबू

समर न्यूज | जालंधर

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जालंधर आबकारी विभाग में तैनात सीनियर सहायक सतनाम सिंह को 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने फिल्लौर तहसील के नागरा गांव निवासी रेस्टोरेंट मालिक से ड्राफ्ट बीयर व वाइन बेचने के एल-5बी लाइसेंस की प्रक्रिया आगे बढ़ाने और अनुकूल रिपोर्ट देने के बदले रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस ने शिकायत के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

अनंतनाग में आतंकी हमला, अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल बलिदान

▪ **कोकरनाग रोड के लाल चौक इलाके में पुलिस दल पर गोलीबारी; लश्कर-ए-तैयबा की प्रॉक्सी माने जाने वाले टीआरएफ ने जिम्मेदारी ली**

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने पुलिस दल को निशाना बनाकर हमला किया। गोलीबारी में जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल आशीक हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थे। हमला कोकरनाग रोड के लाल चौक इलाके में दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। यह इस साल जम्मू-कश्मीर पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर किया गया पहला आतंकी हमला बताया जा रहा है।

टीआरएफ ने ली जिम्मेदारी: हमले के बाद लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसकी जिम्मेदारी लेने का दावा किया। पुलिस और सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। तलाशी अभियान के साथ संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्करों से पूछताछ भी की जा रही है। पुलिस ने नागरिकों से हमले से जुड़ी संवेदनशील तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने की अपील की है, ताकि अभियान और जांच प्रभावित न हो।

डीजीपी ने संभाला मोर्चा: घटना की सूचना मिलते ही जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हमले की निंदा करते हुए बलिदानी हेड कांस्टेबल के परिवार के प्रति संवेदना जताई और कहा कि दोषियों को जल्द कानून के कटघरे में लाया जाएगा।

यात्रा मार्ग पर सुरक्षा कड़ी: यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमरनाथ यात्रा जारी है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू है। यात्रा मार्ग पर ड्रोन, सीसीटीवी और निगरानी तंत्र के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा तेज कर दी है।

पहले भी हुई आतंकी घटनाएं: जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर 17 जुलाई की रात संदिग्ध गतिविधि देख भारतीय सेना ने फायरिंग की। अधिकारियों के मुताबिक, तारकुंडी फॉरवर्ड इलाके में रात करीब 10 बजे सैनिकों ने कुछ संदिग्ध लोगों की गतिविधि देखी, जिसके बाद फायरिंग की गई।

अधिकारियों ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे तक दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। सेना का मानना है कि संदिग्ध आतंकी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। 8 जुलाई को सुरक्षाबलों ने शोपियां में मुठभेड़ के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर जाकिर अहमद गनी को मार गिराया।

पेज 1 एंकर स्टोरी | **15 अगस्त से बेल्जियम व नीदरलैंड में होगा विश्व कप, भारत का पहला मुकाबला वेल्स से**

हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम में पंजाब के आठ खिलाड़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के लिए घोषित भारतीय टीम में पंजाब के आठ खिलाड़ियों को जगह मिली है। हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसकी कप्तानी पंजाब के स्टार डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई है।

टीम में जर्मनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, मनप्रीत सिंह, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह पंजाब से जुड़े प्रमुख नाम हैं। टीम में अनुभवी खिलाड़ियों के साथ युवा प्रतिभाओं को भी शामिल किया गया है। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह के साथ जर्मनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह भारतीय टीम की अहम कड़ी होंगे। हरमनप्रीत को दुनिया के प्रमुख ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञों में गिना जाता है और पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने की उनकी क्षमता भारत के लिए महत्वपूर्ण होगी।

मिडफील्ड में अनुभवी मनप्रीत सिंह टीम को मजबूती देंगे, जबकि फारवर्ड लाइन में दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह से तेज आक्रमण की उम्मीद होगी। सुमित और संजय भी रक्षात्मक जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम को अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण बताया है। भारत 1975 के बाद पहली बार विश्व कप खिताब जीतने की कोशिश करेगा। 1975 में भारत ने ही आखिरी बार विश्व कप जीता था।

पूल डी में भारत, पाकिस्तान से 19 अगस्त को मुकाबला

भारत को पूल डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अभियान शुरू करेगी। इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला होगा। पूल चरण के भारत के सभी मैच नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन में खेले जाएंगे। विश्व कप का आयोजन 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में संयुक्त रूप से होगा।

पंजाब की हॉकी परंपरा को मजबूती

भारतीय हॉकी टीम में पंजाब के आठ खिलाड़ियों की मौजूदगी राज्य की मजबूत हॉकी परंपरा को दर्शाती है। हरमनप्रीत, मनप्रीत और दिलप्रीत जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ जुगराज और सुखजीत जैसे खिलाड़ी भारत की विश्व कप उम्मीदों को मजबूत करेंगे। टीम के सामने शुरुआती दौर में ही इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों की चुनौती होगी। ऐसे में पंजाब के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भारत के अभियान की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।